भारत का सहायक उच्चायोग , खुलना
Assistant High Commission of India
Khulna
ভারতীয় সহকারী হাই কমিশন
খুলনা

सत्यमेव जयते

खू/प्रशा/621/01/2018 12 सितंबर 2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय : खूलना स्थित भारतीय मिशन द्वारा 20 सितंबर को 'विश्व हिंदी दिवस' केआयोजन के सम्बन्ध में।

हिंदी को संविधान सभा द्वारा आधिकारिक भाषा के रूप में 14 सितंबर को वर्ष 1949 में अनुमोदित किये जाने के ऐतिहासिक अवसर को याद करने के लिए हर साल 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सहायक उच्च आयोग, खुलना इस संबंध मे खुलना शहर में रहने वाले सभी भारतीय व इच्छुक स्थानीय नागरिकों को सूचित करता है कि इस वर्ष हिंदी/दिवस पखवाड़ा 14-28 सितंबर 2019 तक भा.स.उ., खुलना के सभागार मे मनाया जा रहा हैं । इस उपलक्ष्य में भा.स.उ., खुलना 20 सितंबर 2019 को शाम 5-8 बजे तक विभिन्न हिन्दी प्रतोयोगिताओं का आयोजन करने जा रहा है | हिन्दी प्रतियोगिताएं इस प्रकार हैं :

- **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता** : किसी भी विषय में
- **हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता** : आपस मे सहमति द्वारा
- **हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता** : स्वरचित एवं ख्याति प्राप्त कवियों द्वारा लिखित काव्य पाठ
- **हिंदी टिप्पण प्रारूप लेखन प्रतियोगिता** : हिन्दी भाषा के महत्व व अन्य विषयों पर
- **हिंदी कविता पाठन** : बच्चों द्वारा कविता/गीत पाठ

2. इसी वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओ में प्रतिभागियों के जबरदस्त उत्साह को देखते हुए इस बार भी प्रतियोगिता जीतने वाले प्रतिभागिओं को उचित इनाम/प्रोत्साहन, प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिए जायेंगे| अतः मैं खुलना शहर में रहने वाले सभी भारतीय एवं स्थानीय लोगों से अपील करता हूँ कि वे ज्यादा से ज्यादा कि संख्या में उपस्थित होकर हिन्दी दिवस/पखवाड़ा (14-28 सितंबर 2019) की प्रतियोगिताओं को सफल बनाएँ व 19 सितंबर 2019 शाम 05 बजे तक hoc.khulna@mea.gov.in पर अपनी उपस्थिती के बारे मे सूचित करने का कष्ट करें | भारत सरकार की इस पहल का अधिक से अधिक प्रचार करें और सभी कार्यरत कर्मचारियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें | हिन्दी प्रोत्साहन के लिए उपरोक्त प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे |

शुभकामनाओं सहित,

(राजेशकुमाररैना)
भारतकासहायकउच्चआयुक्त